# हस्तशिल्प उत्सव 2025 के लिए भूमि पूजन किया

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के रामलीला मैदान में 09 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 के लिए शनिवार को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के आतिथ्य में भूमि पूजन किया गया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

मेले की नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मेला संयोजक घनश्याम ओझा ने बताया कि मेले की सफलता की मंगल कामना को लेकर शनिवार को सुबह रामलीला मैदान में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। इसके साथ ही मेले की विधिवत रूप से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस बार पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव पूरा भारतीय संस्कृति और राइजिंग राजस्थान की थीम पर आधारित होगा। मेले में आम जन को आकर्षित करने के लिए कई नवाचार किया जा रहे हैं। मेले का सेंट्रल पंडाल हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

लघु उद्योग भारती के जोधपुर प्रांत अध्यक्ष एवं मेला समन्वयक महावीर चोपड़ा ने बताया कि इस बार का सेंट्रल पंडाल विविधताओं से भरा होगा, जहां मेले के जोधपुर के प्रमुख उद्योगों की झांकी सजाई जाएगी तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से लागू की गई विभिन्न योजनाओं की झांकी भी मेले में प्रदर्शित की जाएगी।

सेंट्रल पंडाल कमेटी के कोऑर्डिनेटर गौतम जीरावाला ने बताया कि यह वर्ष सरदार पटेल वल्लभभाई पटेल का 150 जयंती वर्ष है और केंद्र सरकार ने दो वर्ष तक जन्म शताब्दी महोत्सव बनाने का निर्णय लिया है।

जानकारी के अनुसार इसी कड़ी में देश को एक और अखंड बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की तीस फीट की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की स्थापना की जाएगी।

सेंट्रल पंडाल कमेटी के कोऑर्डिनेटर अशोक बाहेती ने बताया कि यह मेला भारतीय सभ्यता और संस्कृति से ओतप्रोत रहता है।

इसीलिए इस बार मेले में आने वाले लाखों लोगों के लिए बीस फुट की विशेष शिव प्रतिमा भी सेंट्रल पंडाल के बाहर लगाई जा रही है। यह प्रतिमा हर किसी का ध्यान अपनी और आकर्षित करेगी और मेले में आने वाले लोगों के लिए एक बेहतर सेल्फी प्वाइंट भी होगा।

## आरोपी पकड़ा

**जालोर**, (कासं)। पुलिस थाना कोतवाली ने शनिवार को द्ष्कर्म मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने बताया कि रूपाराम पुत्र हराराम जाति चौधरी कलबी उम्र 20 साल निवासी जेसावास पुलिस थाना बागौडा जिला जालोर को गिरफ्तार किया गया।

पीड़िता ने आरोपी रूपाराम के खिलाफ रिपोर्ट पेश कर दुष्कर्म करने जबरन गर्भपात करवाने का मामला दर्ज करवाया, जिस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

पीड़िता बयान अन्तर्गत धारा 180 बी.एन.एस.एस के तहत लेखबद्व किये जाकर एवं धारा 183 बी.एन.एस.एस 2023 के तहत न्यायालय में कथन कलमबद्व करवाये गये।

पीड़िता का दुष्कर्म सम्बधी मेडिकल मुआयना करवाया गया। अभियुक्त रूपाराम पुत्र हराराम जाति चौधरी कलबी उम्र 20 साल निवासी जेसावास पुलिस थाना बागौडा जिला जालोर को दस्तीयाब किया जाकर बाद पुछताछ एवम अनुसंधान के गिरफ्तार किया गया एवं प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री हुई

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में बांगड़ स्कूल में 2 से 8 जनवरी 2025 तक आयोजित हो रहे अमृता हाट के तीसरे दिन राज्य के विभिन्न जिलों से स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की विभिन्न स्टाल्स लगाई गई है। मेले में जिले भर से लोग पहुंचकर जमकर खरीददारी कर रहे है।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि शनिवार को मेले के तृतीय दिन लगभग 2.50 लाख के उत्पादों की बिक्री हुई। ग्राहकों द्वारा न्यूनतम 500 रुपये मूल्य की सामग्री की खरीददारी पर कूपन जारी करने की व्यवस्था है। लाटरी द्वारा कूपन निकाल कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता ठााहक को 500,400,300 रुपये की सामठाी की खरीददारी विभाग के स्तर से नि:शुल्क करवाई जाती है।

उन्होंने बताया कि मेले के तीसरे दिन अमृता हॉट का राज्य महिला आयोग सदस्य सुमित्रा जैन द्वारा अवलोकन किया गया।

आयोग सदस्य सुमित्रा जैन ने घरेलू हिंसा के आने वाले मामलों पर अपने विचार रखें और जिसमे उन्होंने बताया कि सत्यापन के आधार पर महिला आयोग ने कार्रवाई करके महिलाओं को न्याय दिलवाया। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि हर महान इंसान को एक महिला ही जन्म देती है और इसलिए हर महिला को उचित और सम्मानित जीवन मिलना चाहिए।

इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र देवड़ा ने राज कॉप सिटिजन एप के बारे में आए हुए हैं विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी जिसमें कोई भी महिला पैनिक बटन दबाकर पुलिस विभाग से तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जय सिंह तंवर ने भी अमृता हाट का अवलोकन किया।

विभाग द्वारा मेले में प्रतिदिन कोई ना कोई प्रतियोगिता आयोजित होती है। इस क्रम में आज मेले में विभाग से प्रियंका व्यास, देवी बामणिया व इंदु बाला के सहयोग से मेलार्थियों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे प्रथम स्थान हिरल प्रजापति, द्वितीय संजू मंडिया च तृतीय कांता सोनी ने प्राप्त किया। कल के लिए रंगोली व अन्य प्रतियोगिता रखी गई है।

संध्याकालीन कार्यक्रम में आज एसएचजी के भंवर देवी उदयपुर ने गरीब महिलाओं को कैसे रोजगार दिलवाया इसके अपने अनुभव सांझा किए। साथ ही एसएचजी की अन्य महिलाओं द्वारा नृत्य, संगीत की प्रस्तुति की गई।

उपनिदेशक भागीरथ ने बताया कि महिला का उद्देश्य समूह को सुदृढ करना है ताकि वे उच्च गुणवतायुक्त वस्तुओं का निर्माण कर सके एवं प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में अपने उत्पादों की पहचान कायम कर सके।

# पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर दी जान

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में एक 28 साल के युवक ने घर में पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के वक्त मृतक की मां घर में ही काम कर रही थी। कुछ काम को लेकर उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो युवक फंदे पर झूल रहा था। तुरंत हॉस्पिटल लाया गया, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार पाली शहर मंडिया रोड मार्ग पर अपने मकान में 28 साल के सुनिल पुत्र जगदीश मेघवाल ने पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर शुक्रवार को जान दे दी।

घटना को लेकर मृतक की मां ने बताया कि सुनिल फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था।

## मां से ससुराल जाने के लिए मांगे थे रुपए

कुछ दिन पहले उसकी पत्नी अपने पीहर आकोला (चितौड़) अपने 2 साल के बेटे को लेकर गई थी। युवक उसे आपस लेने अपने ससुराल जाना चाहता था। इसको लेकर उसने अपनी मां से रुपए मांगे। मां ने रुपए नहीं होने की बात कही तो बहस करने लगा। बाद में अपने कमरे में चला गया और उसकी मां घर के काम में बिजी हो गई।

कुछ देर बाद उसकी मां कमरे में किसी काम से गई तो सुनिल को फंदे पर लटके देखा। घबरा कर वह रोने लगी। आस पड़ोस से लोग पहुंचे तो उनकी मदद से उसे तुरंत बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवक की शादी 5 साल पहले हुई थी।

## चाइनीज मांझे से पाली में युवक का गला कटा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में शनिवार सुबह एक युवक का गला और अंगुली पतंग के मांझे से कट गई। उधर से गुजर रहे लोग उन्हें इलाज के लिए बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे। जहां उनके गले और अंगुली में सात टांके लगाने पड़े।

जानकारी के अनुसार पाली शहर के शिवाजी नगर रहने वाले घायल मुकेश जैन (40) पुत्र मिश्रीमल किसी काम से बाइक लेकर मिल गेट की तरफ जा रहे थे। इस दौरान ओवरब्रिज पर एक पतंग का मांझा उनके गले में लिपट गया। जिससे गला कट गया। समय रहते मुकेश ने समझदारी दिखाते हुए अंगुली बीच में डाल दी वरना गले पर और गहरा घाव हो जाता। हादसा होते देख उधर से गुजर रहे अन्य वाहन चालक उसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां मांझे से कटी गर्दन पर 4 और अंगुली पर 3 टांके लगाए गए।

डॉक्टर ने बताया कि युवक की हालात अब खतरे से बाहर है।

# पंत से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जल दीवार का निर्माण पूर्ण कराने की मांग की

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। सीमान्त जिला व किसान जागृति मंच के संयोजक सवाईसिंह देवड़ा की आोर से राज्य के मुख्य सचिव को उनके जैसलमेर प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंपा जिसमें देवड़ा ने अंतर राष्ट्रीय सीमा पर जल दीवार का निर्माण पूर्ण करवाने की मांग रखी।

देवड़ा ने लिखा कि इन्दिरा गांधी नहर परियोजना का उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय भारत पाक सीमा को सुरक्षित करने तथा रेगिस्तान को हरा भरा करना था अर्थात इस प्रथम उद्देश्य सीमान्त क्षेत्र की अंतर राष्ट्रीय सीमा पर जल दीवार का निर्माण यानि सुरक्षा की पहली पक्ति तथा दुसरा सिंचाई हैं। देवड़ा ने लिखा कि इस दिशा में उक्त परियोजना अभी पूर्ण व सफल नहीं है, कारण स्पष्ट है उक्त परियोजना का लक्ष्य नर्मदा नदी से जोड़ने का प्रोजेक्ट अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

जैसलमेर जिले की 470 किलोमीटर लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा और बाड़मेर से गुजरात के कच्छ क्षेत्र तक का बड़ा हिस्सा अभी इस परियोजना से वंचित है। इस परियोजना को लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा तत्तकालीन गुजरात के मुख्यमंत्री की भी इच्छा है कि इन्दिरा गांधी नहर को कच्छ की खाड़ी तक बढ़ाया जावे। 2012-13 उत्तर भारत विकास परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में मोदी ने इस सम्बन्ध में प्रस्ताव रखा था।

इस सम्बन्ध में तत्कालीन जैसलमेर विधायक श्री गोवर्धन कल्ला ने मोदी जी के मुख्यमंत्री रहते पत्र भी लिखा था तब इसे केन्द्र का विषय बताया गया। तत्तपश्चात् जब मोदी देश के प्रधानमंत्री बने फिर दुबारा कल्ला ने पत्र लिखा। उत्तर में प्रधानमंत्री कार्यालय तथा जलशक्ति मंत्री कार्यालय के जवाब आये, उसमें स्पष्ट लिखा है "प्रस्ताव स्वागत योग्य व विचारणीय है" मगर राजस्थान सरकार का ऐसा कोई प्रस्ताव हमारे पास नहीं हैं तत्कालीन राजस्थान सरकार कांग्रेस की थी, प्रस्ताव सरकार ने नहीं भेजा। अब सरकार भाजपा की है, डबल इंजन सरकार है, अब सीमान्त क्षेत्र जैसलमेर ही नहीं अपितु बाड़मेर जिले तक की राष्ट्र भक्त जनता की उम्मीदे परवान पर है। आपका नव नेतृत्व व नई सरकार कई वर्षों से बन्द पड़ी लम्बित परियोजना को तुरन्त पूरा करवाने में सक्षम है, ऐसी आशा है।

देवड़ा ने लिखा है कि जैसलमेर जिला अब रेगिस्तान में अन्न उत्पादन में आगे बढ़ रहा है यहां की उपजाऊ भूमि जल अभाव में बहुत सी असिंचित है मगर धीरे धीरे नलकूप खोदाकर किसान अपनी उपज बढ़ा रहा है। इस दिशा में सबसे बड़ी बाधा बिजली की है, नलकूप धारक किसान को नियमानुसार 6 छः घण्टे बिजली भी नहीं मिल रही है। वोल्टेज कम रहने से, कृषि कनैक्शन की मोटरों सहित कई कृषि उपकरण जल जाते हैं। बिजली की कमी से किसान परेशान ही नहीं है बल्कि घाटे की खेती कर रहा है। जैसलमेर जिला बिजली उत्पादक है। लोग विंड पावर व सौलर उर्जा के प्रतिकूल प्रभावों को भी झेल रहे हैं। इसके बावजूद अभाव झेलना पड़ रहा है। सीमान्त जिले की जनता सहित किसान की मांग है कि जैसलमेर जिले को विशेष राहत के साथ 12 घण्टे बिजली कृषि के लिए दी जावे।

उन्होंने मांग की है कि सीमान्त जिले में भू-जल उपलब्ध होने से किसानों द्वारा नलकूप खोदे जा रहे है मगर डिमाण्ड राशि भरी जाने बावजूद बिधुत विभाग द्वारा कृषि कनैक्शन व ट्रान्सफार्मर न दिये जाने से किसान परेशान व घाटे में है तथा डिमाण्ड राशि भरे जाने के बाद सामान्यत: 90 दिन में कृषि कनैक्शन व ट्रान्सफार्मर दिया जाना चाहिए लेकिन सीमान्त जिले में इस सामान्य नियम का विधुत विभाग द्वारा पालना नहीं की जा रही है। 2015 से 2018 तक के डिमाण्ड भरी हुई राशि के किसानों को अभी तक ट्रान्सफार्मर नहीं मिले है ग्रामीण आंचल की कृषि कनैक्शन विधुत लाईनो से घरेलु विद्युत कनैक्शन की लाईन को पृथक की जावे। इस प्रकार किसान हित में बिजली विभाग को निर्देशित करावे।

देवड़ा ने मांग रखी कि सीमान्त जिले जैसलमेर बाड़मेर, सोढाण क्षेत्र से उपजी समस्याओं से प्रभावित है।

# चार ज्योतिष विभूतियों का सम्मान होगा

**जोधपुर**, (कासं)। प्रिंस एस्ट्रो प्वाइंट ज्योतिष संस्थान जोधपुर ने आज चार ज्योतिष विभूतियों को अवार्ड देने की घोषणा की। इन चारों विभूतियों को मार्च माह मे दिल्ली में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में सम्मानित करते हुए अवार्ड से नवाजा जाएगा

प्रिंस एस्ट्रो प्वाइंट ज्योतिष संस्थान के फाउंडर नरेंद्र सिंह राठौड़ ने पत्रकार वार्ता में बताया कि देश के ज्योतिषाचार्यों में से खेतड़ी के हस्तरेखा विशेषज्ञ रतन बबेरवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, नोएडा से टैरोट कार्ड रीडर एवं पेंडुलम डाउजिंग स्पेशलिस्ट गुरु मां ऊषा सिंह को ज्योतिष रत्न,पाली के भृगु संहिता विशेषज्ञ नरेंद्र शरण को ईयर ऑफ द एस्ट्रोलॉजर, इंदौर की अंकशास्त्री अमिता मालपानी को इंडियन ग्लोरी अवार्ड से नवाजा गया है। इन चारों विभितियो ने भारतीय ज्योतिष का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। मार्च में संस्थान द्वारा दिल्ली में एक ज्योतिषाचार्यों का विशाल सम्मेलन आयोजित करवाया जा रहा है, जिसमें देश के चुनिंदा ज्योतिषाचार्यों को आमंत्रित किया जाएगा। नरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सनातन काल से भारत से ज्योतिष विद्या का प्रचलन चला आ रहा है।

संस्थान की पूजा चांदोरा ने बताया कि संस्थान की स्थापना अठारह-उन्नीस वर्ष पूर्व संस्थान के सबसे अनुभवी फाउंडर ज्योतिषाचार्य नरेंद्र सिंह राठौड़ ने की है। पंडित कमलेश शास्त्री ने बताया कि उनका संस्थान कई उद्देश्यों को लेकर समाज में उतरा है।

## समाज सेवा की

**रेवदर**, (निसं)। जीवन सारथी संस्थान के संस्थापक बलवंत मेघवाल ने बताया कि देरोल, मलावा, धान, भामरा, दांतराई, बासन, रेवदर, करोटी,निम्बोडा, अनादरा, खरूआडा क्षेत्रों में कंबल बांटे गए हैं।


